This question paper contains 8 printed pages]

आपका अनुक्रमांक.........................

193

# B.Com. (बी.कॉम.) /I D

## Paper V—HINDI (A)

## प्रश्न-पत्र V—हिंदी (क)

(भाषिक प्रयोग और क्षमता, संप्रेषण क्षमता, काव्य संकलन, गद्य संकलन, द्रुत वाचन इत्यादि)

(प्रवेश वर्ष 2006 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

*Note* :— The maximum marks printed on the question paper are applicable for the students of the regular colleges (Cat. 'A'). These marks will, however, be scaled up proportionately in respect of the students of NCWEB at the time of posting of awards for compilation of result.

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

P.T.O.

1. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

सतगुरु की महिमा अनँत, अनँत किया उपगार ।
लोचन अनँत उघारिया, अनँत दिखावनहार ॥
सतगुरु साँचा सूरिवाँ, तातैं लोहि लुहार ।
कसनी दे कंचन किया, ताइ लिया ततसार ॥

**अथवा**

उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ मधुर चाँदनी रातों की ।
अरे खिलखिला कर हँसते होने वाली उन बातों की ।
मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर जाग गया ?
आलिंगन में आते-आते मुस्क्याकर जो भाग गया ।

(ख) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

मार हथौड़ा
कर कर चोट
लोहू और पसीने से ही
बन्धन की दीवारें तोड़ ।

मार हथौड़ा

कर कर चोट

दुनिया की जाती ताकत हो,

जल्दी छवि से नाता जोड़ !

(*i*) उक्त कविता में वर्णित 'मार हथौड़ा' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*ii*) 'लोहू और पसीने से ही' पंक्ति के माध्यम से कवि ने किस स्थिति की ओर संकेत किया है ?

2. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

अपने आपको हर घड़ी और हर पल महान् से भी महान् बनाने का नाम वीरता है । वीरता के कारनामे तो एक गौण बात है । असल वीर तो इन कारनामों को अपनी दिनचर्या में लिखते भी नहीं । दरख्त तो जमीन से रस ग्रहण करने में लगा रहता है । उसे यह खयाल ही नहीं होता कि मुझमें कितने फल या फूल लगेंगे और कब लगेंगे । उसका काम तो अपने आपको सत्य में रखना

है – सत्य को अपने अंदर कूट-कूटकर भरना है और अंदर-ही-अंदर बढ़ाना है । उसे इस चिंता से क्या मतलब कि कौन मेरे फल खाएगा या मैंने कितने फल लोगों को दिए ।

**अथवा**

जनता की भलाई के लिए मैंने पाँचसाला योजनाएँ शुरू कीं, लेकिन ब्लाकों के सरकारी कर्मचारी अपने घरों को भरने में लगे हैं । मैं जानता हूँ कि सारे देश में कुछ लोग लूट-खसोट मचाए हुए हैं, लेकिन मैं उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकता ! – अरे ! किसी से कहना मत, साले ! ...... उसने अंत में कहा – देश को आज केवल आपका ही सहारा है । आप ही पूँजीपतियों, मंत्रियों और अफ़सरों के षड्यंत्र को खत्म करके समाजवाद कायम कर सकते हैं !

(ख) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

बहसों में यों तो दुनिया-जहान के विषय पीसे जाते हैं, पर एक विषय शायद सब लोगों का बहुत प्रिय है और वह है शादी । शादी यानी बर्बादी । हल्के-फुल्के ढंग से शुरू

हुई बात एकदम बौद्धिक स्तर पर चली जाती है विवाह-संस्था एकदम खोखली हो चुकी है ······· पति-पत्नी का सम्बन्ध बड़ा नकली और ऊपर से थोपा हुआ है ······· और फिर धुआंधार ढंग से विवाह की धज्जियाँ उड़ाई जाती हैं । इस बहस में अक्सर स्त्रियाँ एक तरफ हो जातीं और पुरुष एक तरफ ।

और बहस का माहौल कुछ ऐसा गरम हो जाया करता कि मुझे पूरा विश्वास हो जाता कि अब जरूर एक-दो लोग तलाक दे बैठेंगे । पर मैंने देखा कि ऐसा कोई हादसा कभी नहीं हुआ । सारे ही मित्र लोग अपने-अपने ब्याह को खूब अच्छी तरह तह-समेटकर, उस पर जमकर आसन मारे बैठे हैं ।

हाँ, बहस की रफ्तार और टोन आज भी वही है ।

(*i*) 'विवाह-संस्था एकदम खोखली हो चुकी है ।' इसका आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*ii*) उक्त पंक्तियों के माध्यम से लेखक स्त्री-पुरुष के सम्बन्धों को कैसे देखता है ? उल्लेख कीजिए ।

3. 'वन-गमन' **अथवा** 'धूप चमकती है चाँदी की साड़ी पहने' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए । 8

4. 'हत्यारे' **अथवा** 'गेहूँ और गुलाब' का सार लिखिए । 7

5. 'ब्रज भाषा' **अथवा** 'हरियाणवी' का संक्षिप्त परिचय दीजिए । 4

6. संक्षेपण की परिभाषा देते हुए उसके गुणों पर प्रकाश डालिए । 4

**अथवा**

टिप्पणी की परिभाषा लिखकर इसका उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

7. (क) कोश की परिभाषा देते हुए एकभाषी कोश की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 4

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए :

आदमी, ज्ञापन, पीड़ित, बन्धन, यज्ञ, समाज ।

(ख) आज के दौर में कम्प्यूटर में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए । 3

(ग) किन्हीं **चार** शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए : 4

Agreement, Credit, Editorial, Damage, Lease, Payment, Sensex, Investment.

8. (क) किसी सरकारी कार्यालय में सहायक के पद हेतु स्ववृत्त (बायोडाटा) तैयार कीजिए । 4

**अथवा**

कार्यालयी पत्र-लेखन की विशेषताएँ लिखिए ।

(ख) विज्ञापन-लेखन की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 4

(ग) किसी **एक** विषय पर आलेख लिखिए : 5

(*i*) मीडिया का राजनीतिकरण

(*ii*) महिला सशक्तिकरण

(*iii*) राजनीति और भ्रष्टाचार

(*iv*) पर्यावरण और प्रदूषण ।

9. 'इला' नाटक के आधार पर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4,4

(*i*) राजा मनु की मानसिक चिंता क्या थी ? सविस्तार लिखिए ।

(*ii*) विद्याधर की बात सुनने के बाद वशिष्ठ ने क्या कहा था ? स्पष्ट कीजिए ।

(*iii*) रानी श्रद्धा ने वशिष्ठ के सामने क्या प्रतिज्ञा की थी ? उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

'गोदान' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(*i*) 'गोदन' में प्रेमचन्द के नारी-विषयक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालिए ।

(*ii*) "गोबर जमींदारी व्यवस्था के विरुद्ध विद्रोही युवा-चेतना का प्रतीक है ।" स्पष्ट कीजिए ।

(*iii*) गोबर और झुनिया की प्रेम-कथा पर विचार कीजिए ।